## संक्षिप्त

### नौ मोटरसाईकिलों को किया जब्त

**कोटपूतली।** कस्बे में तेज आवाज साईलेंसर वाली बुलेट बाईकों से लम्बे समय से ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न किया जा रहा था। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अभियान चलाते हुये अलग-अलग टीमों का गठन कर तेज आवाज करने वाली 06 बुलेट व 03 अन्य मोटरसाईकिलों को मोटर वाहन अधिनियम में जप्त किया गया। पुलिस ने उक्त बाईकों से मोडीफाईड व तेज आवाज करने वाले साईलेंसरों को हटाकर सम्बंधित कम्पनी के अधिकृत साईलेंसर लगवाये गये एवं बाईक मालिकों को दुबारा ऐसा ना करने की चेतावनी भी दी गई। पुलिस ने बताया कि भविष्य में ऐसी कार्यवाही जारी रहेगी।

### छात्र-छात्राओं ने किया सूर्यनमस्कार

**निवाई।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय में सूर्य सप्तमी को लेकर छात्र-छात्राओं व स्टाफ द्वारा सूर्य नमस्कार के सभी 12 चक्रो का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अनुराधा वर्मा ने सूर्य सप्तमी की महत्ता बताई व अपनी दैनिक दिनचर्या में इसको शामिल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोपालप्रसाद, उपप्राचार्य हरिचन्द बैरवा, व्याख्याता बनवारीलाल मिश्रा, नीलकमल वर्मा, विशाखा थानवी, देवराज सिंह, रश्मि जैन, कुसुम जैन, मनराज गुर्जर, कानाराम मीणा व पवन वर्मा सहित सभी स्टाफ मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने किया विरोध

**निवाई।** ग्राम पंचायत गुंसी के गांव अजीतपुरा में सरकार के आदेशों पर खुले कुए को पंचायत प्रशासन द्वारा बंद करने का ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीण प्रभुदयाल, कालूराम, रामचरण, सहित कई ग्रामवासियों ने बताया कि यह सार्वजनिक कुआं है और ग्रामीण उक्त कुए के पानी को उपयोग करते है। ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा बिना ग्रामीणों की सहमति के खुले कुए को मिटटी डालकर बंद किया जा रहा था। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया और पंचायत प्रशासन का विरोध करके कुए को बंद नहीं करने दिया। जिससे प्रशासन को मौके से वापस आना पड़ा। इस दौरान बाबूलाल, बलराम, संतराम, चिरंजीलाल, बनवारीलाल, भागुताराम, रामराय, भंवरलाल, विमलकुमार, सुरेश, प्रेमराज, भगवान सहाय, लालचन्द सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।


### शिविर का आयोजन

**दूदू ।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत सुनाडिया ग्राम पंचायत सभागार में किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया जाकर 181 काश्तकारों का पंजीकरण किया गया अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने बताया कि इस दौरान एक परिवार को आबादी का पट्टा भी जारी किया गया पशुपालन एवं चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा 300 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया इस दौरान उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल तहसीलदार मदनलाल परिहार पंचायत राज विभाग के अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी रघुवर दयाल सहित ग्राम पंचायत के वार्ड पंच एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### फ्लोरोसिस रोकथाम के तहत बच्चों की गई जांच

**टोंक।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत देवली ब्लॉक के गैरोली, नोन्दपुरा, देवड़ावास, जलसीना, जलेरी ग्राम के ग्रामीणो व स्कुली बच्चों के दन्त व अस्थि फ्लोरोसिस की जांच की गई। सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि फ्लोरोसिस के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए प्रयास जारी हैं। नियमित रूप से टोंक जिले में फ्लोरोसिस का सर्वे करवाया जा रहा है। जांच में फ्लोरोसिस बीमारी से पीड़ित पाये गये मरीजो के युरीन सैम्पल लेकर उनकी जांच की गई।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# गांवों में जल के साथ जंगल और जमीन बचाने का संदेश देगी यात्रा : कलेक्टर

- गांव को जल संकट से मुक्त करने के लिए दिलाई गई शपथ, 15 कार्यकर्ताओं एवं भामाशाहों का किया गया सम्मान। वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (वाटरशेड विकास घटक) के तहत जलग्रहण यात्रा का शुभारंभ जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा वर्षा जल संग्रहण, मिट्टी बचाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस यात्रा का शुभारंभ केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग 2000 ग्रामीणों, विद्यार्थियों, एनएसएस और स्काउट सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जल योद्धा बनने और गांव को जल संकट से मुक्त करने की शपथ, जल संरक्षण और भूमि सुधार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 कार्यकर्ताओं और भामाशाहों का सम्मान, स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी और इब्तिदा संस्था के कृषि तकनीक मॉडल का अवलोकन, राष्ट्रीय स्तर के शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।




खैरथल में यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

ग्राम नंगली ओझा में जोहड़ जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसके साथ ही बड़े जोहड़ जीर्णोद्धार कार्य का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जल एवं भूमि संरक्षण पर निबंध और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। ग्रामवासियों ने चारागाह भूमि में पौधारोपण और जोहड़ में श्रमदान कर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

खैरथल-तिजारा जिले की पंचायत समिति तिजारा व मुण्डावर के 34 गांवों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना संचालित है। योजना के तहत वर्षा जल संग्रहण के लिए एनीकट, अमृत सरोवर, जोहड़, फार्म पोंड और मिट्टी के बांध बनाए जा रहे हैं। भूमि कटाव रोकने और चारागाह विकास के लिए पौधारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, संयुक्त निदेशक जलग्रहण विकास विभाग जयपुर सुशीला यादव, अधीक्षण अभियंता नरेंद्र सिंह मौथू, अधिशासी अभियंता क्षत्रपाल सहित कई जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

कलेक्टर ने किया निरीक्षण इसके अलावा जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने खैरथल एवं मुंडावर स्थित मातोर में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहां मौजूद किसानों से संवाद कर उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और अधिकारियों को आमजन के कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। 5 से 7 तक इन स्थानों पर लगेंगे शिविर 5 फरवरी से 7 फरवरी तक खैरथल कि ग्राम पंचायत पाटनमेवान, ईस्माईलपुर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# 258 किसानों का पंजीकरण

**नारायणपुर ।** तहसील के ग्राम पंचायत अजबपुरा और कोलाहेड़ा मुख्यालय पर किसानों के लिए एग्री स्टैक योजना के तहत तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। तहसीलदार अनिल कुमार की देखरेख में हुए इस शिविर में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई गई। तहसीलदार अनिल कुमार ने बताया कि किसान अपनी जमाबंदी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के साथ प्रातः 9.30 से सांय 5.30 बजे तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिनके पास फार्मर रजिस्ट्री कार्ड होगा। शिविर के पहले दिन तकनीकी समस्या के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन बाद में प्रक्रिया सुचारू रूप से चली। क्षेत्र में दो स्थानों पर लगे शिविरों में पहले दिन कुल 258 किसानों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर भू-अभिलेख निरीक्षक अशोक कुमार योगी, अनुराग शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी संजय सिंह, विनीत चौधरी, पटवारी अरविंद कुमार और नरेंद्र कुमार मीणा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री कैंप का हुआ शुभारंभ

**निवाई।** भारत सरकार के निर्देशानुसार आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप का उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया ने औचक निरिक्षण किया।

ग्राम पंचायत झिलाय में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप कैंप में किसानों के फार्मर आईडी व अन्य कार्यों की सुचारू क्रियान्विति को लेकर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। ग्रामीणों का समय पर कार्य हो। उन्होंने बताया कि शिविर में किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है एवं अन्य कार्यों का सुचारू रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। शिविर में नोडल अधिकारी तहसीलदार नरेशकुमार सहित संबंधित पटवारी, भू-अभिलेख निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व अन्य पंचायत स्तरीय कार्मिक उपस्थित रहे।

## आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिये आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ठ ढ़ंग से करवाने और समान अवसर प्रदान करने के लिये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से सत्र 2024-25 के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के समाज कल्याण अधिकारी विपिन ने बताया कि आवेदक एसएसओ पोर्टल पर क्लिक कर 10 फरवरी तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# 'आमजन को सुगम स्वास्थ्य सेवाओं मे कोताही बर्दाश्त नही'

**मालपुरा, (निस) ।** आमजन को सुगम स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध करवाने के उदेश्य से राज्य सरकार व चिकित्सा विभाग द्वारा मालपुरा शहर मे धानोता रोड पर संचालित की जा रही जनता क्लिनिक का बुधवार को खण्ड मुख्य एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी ने औचक निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाऐं। निरीक्षण के दौरान जनता क्लिनिक प्रभारी डॉ. लोकेश जैन सहित सभी सात स्टाफकर्मी उपस्थित पाये गये। बीसीएमओ ने जनता क्लिनिक की ओपीडी, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण व जांच योजना,ड्रेसिंग टेबल,निःशुल्क पर्ची वितरण काउंटर,दवा स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं को एक-एक कर जांच पडताल करते हुये रिपोर्ट तैयार की। बीते दिन 3 फरवरी को डॉ. लोकेश व अन्य स्टाफकर्मियों को ड्यूटी टाईम पर अनुपस्थित रहने की मिली शिकायत पर बीसीएमओ ने डॉ. जैन व अन्य स्टाफकर्मियो से लिखित मे स्पष्टीकरण लेते हुये कहा कि भविष्य मे बिना उच्चाधिकारियो की स्वीकृति के अवकाश पर नही जावें। आमजन को सुगम स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध करवाने मे किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दास्त नही होगी। साथ ही बीसीएमओ ने जनता क्लिनिक प्रभारी को कडी हिदायत देते हुये कहा कि ड्यूटी टाईम के दौरान नमाज पढने अथवा अन्य धार्मिक आयोजनो मे शामिल होने के लिये क्लिनिक छोडने की अनुमति नही है। साथ ही बीसीएमओ ने बताया कि आज से पूर्व जनता क्लिनिक मालपुरा जिला अस्पताल प्रभारी के अधीन थे। अब 29 जनवरी से विभाग द्वारा जारी किये नवीन आदेशो मे सभी जनता क्लिनिक खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधीन संचालित होगें। डॉ. लोकेश व अन्य स्टाफकर्मियो ने क्लिनिक पर इमरजेंसी सेवाओं के लिये पांच बेड, बीपी व शुगर जांच के स्टूमेन्ट,ड्रेसिंग डूम आदि आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने की मांग की।



खण्ड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी ने जनता क्लिनिक धानोता रोड का औचक निरीक्षण किया।

## जिला कलक्टर ने बैठक ली

**अलवर ।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें उन्होंने जिले में वायु गुणवत्ता में सुधार, कचरे के समुचित निस्तारण आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने वन विभाग सहित संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि समन्वित प्रयास कर जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करें जिसके धरातल पर बदलाव भी नजर आएं। उन्होंने डीएफओ अलवर को निर्देश दिये कि सिलीसेढ झील को वैटलैंड (रामसर) के रूप में अधिसूचित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि सरिस्का टाइगर रिजर्व को प्लास्टिक फ्री टाइगर रिजर्व बनाने हेतु कार्य योजना बनाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सरिस्का अभयारण्य में आरएसआरटीसी के माध्यम से ये व्हीकल यथाशीघ्र शुरू करावे। उन्होंने यूआईटी सचिव को सिलीसेढ झील व अन्य उपयुक्त स्थानों को चिन्हित कर एडवेंचर ट्यूरिज्म को प्रारम्भ करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।


**नाम संशोधन**

मैं जीतू कमार पुत्र श्री मोतीलाल जाति जाटव निवासी भीमनगर पांडे का कुआ करौली शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि चांदनी जाटव मेरी पुत्री है एवं विनय कुमार मेरा पुत्र है। दोनों सूर्योदय पब्लिक मा.वि. करौली में अध्ययनरत है। मेरे पुत्र व पुत्री के स्कूल रिकार्ड में गलती से मेरा नाम जीतेन्द्र जाटव दर्ज हो गया। जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम जीतू कुमार दर्ज है। इसलिए स्कूल रिकार्ड में जीतेन्द्र कुमार के स्थान पर जीतू कुमार दर्ज किया जावें।

**कार्यालय उपायुक्त (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
क्रमांक- मु.जो. /ननिज/ 2024/ 4025, दि.- 28.01.25
**सार्वजनिक सूचना**

भूखण्ड सं. 161, लक्ष्मी नगर, ( संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड ) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमति उर्मिला शर्मा पत्नी श्री कमलेश कुमार शर्मा को क्षेत्रफल 240 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्री संदीप कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ताराचंद अग्रवाल द्वारा शपथ पत्र ( अण्डरटेकिंग ), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति, रजि वसीयतनामा, विक्रय पत्र एवं अन्य चैन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड श्री संदीप कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ताराचंद अग्रवाल के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 240 वर्गगज का नाम हस्तांतरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त मुरलीपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
**न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर द्वितीय**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 08/2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम रविशंकर मीना पुत्र स्व. श्री रमेशचन्द मीना निवास स्थान बी-2/414, चित्रकूट नगर, गाँधी पथ, अजमेर रोड, जयपुर-302021
मृतक श्री रमेश चन्द मीणा पुत्र स्व. श्री कल्याण राम मीणा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 11.02.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्री रमेश चन्द मीणा पुत्र स्व. श्री कल्याण राममीणा जाति मीणा निवासी बी-2/414, चित्रकूट नगर, गाँधी पथ, अजमेर रोड, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 11 माह 02 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 01 माह 02 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

**खोया पाया**

हमारे मकान नम्बर-ए-204 त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाईपास, जयपुर का मूल जे.डी.ए. पट्टा मय साईड प्लान व रजिस्ट्री आदि दस्तावेज में घर से ऑफिस लेकर आया था, जो रद्दी के साथ चले गये/गुम हो गये है उपरोक्त दस्तावेज मिलने पर सूचित करें। विमल कुमार गोयल मो.नं. 9414045717

जेडीए की योजना वैशाली नगर के प्लाट नंबर जी-25, के मूल पट्टा साइड प्लान एवं स्टांप पेपर खो गए है सूचित करें-जगदीश प्रसाद जाला मोबाइल नंबर-9414089054

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अलबीना (Albeena) से बदलकर अलबीना परवीन (Albeena Parveen) रख लिया है, भविष्य में मुझे अलबीना परवीन पत्नी मोहम्मद सलीम निवासी-726, कोयले वाली गली, मेहरो का रास्ता, रामगंज बाजार, जयपुर के नाम से जाना जावें।

मैं शिव सिंह, पुत्र स्व. भूपाल सिंह, निवासी टोपाज बी-303 अरबाना ज्वेल्स, मदरामपुरा, मुहाना जयपुर राजस्थान-302029 सभी उद्देश्य के लिए अपना नाम बदल कर शिव सिंह चौधरी रख लिया है।

मैंने अपना नाम अमित कुमार नरूका से बदलकर अमित नरूका रख लिया है। भविष्य में मुझे अमित नरूका पुत्र श्री फूल सिंह के नाम से जाना जावें। दोनों नाम अमित कुमार नरूका और अमित नरूका मेरे है। निवासी मकान नं. सी-220 खातीपुरा रोड, अर्जुन मार्ग, सिंहभूमि, झोटवाडा, जयपुर राजस्थान-302012

मैं सुमित्रा उपमन्यु पत्नि श्री देवेन्द्र उपमन्यु सी-2, 603, रहेजा रेजिडेन्सी, धौलाई, मानसरोवर सांगानेर, जयपुर राजस्थान। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शर्मा सुमित्राबेन अंकित है जो कि गलत है। मेरा सही नाम सुमित्रा उपमन्यु है औरभविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

मैं गोपाल गर्ग पुत्र श्री बृजमोहन गर्ग निवासी म.नं. 267/182 सेक्टर 26 प्रताप नगर, जयपुर (राज.) मेरा नाम गोपाल गर्ग है। मेरी बेटी प्रस्तुति अग्रवाल के दस्तावेज में मेरा नाम गोपाल अग्रवाल दर्ज है। यह दोनों नाम मेरे ही है। गोपाल गर्ग और गोपाल अग्रवाल एक ही व्यक्ति है।

मैं उषा गुप्ता पत्नी श्री गोपाल गर्ग निवासी वैध कॉलोनी, गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर (राज.) मेरा नाम उषा गुप्ता है। मेरी बेटी प्रस्तुति अग्रवाल के दस्तावेज में मेरा नाम उषा अग्रवाल दर्ज है। यह दोनों नाम मेरे ही है। उषा गुप्ता और उषा अग्रवाल एक ही व्यक्ति है।

I Nidhi Shivpal Singh Rathore W/o Shivendra Pal, residing at 73, Brij Vihar, Near Gyanjyoti Vidyapeeth, Jagatpura, Jaipur, Rajasthan-302017, have changed my name from Nidhi Shivpal Singh Rathore to Nidhi Rathore for all future purposes.

I have changed my name from Akhil Katariya to Akhil Kumar Kataria for all purpose. R/o Kanchan villa mahaveer colony jhilay road Newai Tonk. (Raj.)

I have changed my name from Seema Parnami to Seema Chugh W/o Sunil Parnami for all purpose. Resi. 174, Guru Nanakpura, Rajapark, Jaipur.


# महामंडलेश्वर बनारसी दास जी महाराज का स्वागत किया

**शाहपुरा।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में त्रिवेणी धाम के खोजीद्वाराचार्य रामरिछपाल देवाचार्य महाराज व खाकी निर्वाणी अनी अखाड़े के महंत मोहन दास महाराज के सानिध्य में त्रिवेणी धाम स्थित अवधपुरी धाम के संत बनारसी दास महाराज व उनके गुरु भाई कालिदास जी महाराज को संत समाज ने महामंडलेश्वर की उपाधि से अलंकृत कर पदाभिषेक करने के बाद बुधवार को पहली बार अवधपुरी त्रिवेणी धाम आए।

महाराज श्री के स्वागत में क्षेत्र के लोगों पलक पांवडे बिछाएं। लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। महाराज श्री ने सर्वप्रथम गणेश जी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद महाराज श्री को गाड़ी में बिठाकर बैंड बाजे व डीजे की धून पर आतिशबाजी के साथ अवधपुरी धाम लाया गया। महाराज श्री का जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बंशीदास जी महाराज, महंत प्रहलाद दास महाराज, अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, जयराम धेधड, कैलाश स्वामी, कालूराम दांतला, रामफूल पोसवाल, सरपंच मदन सिंह शेखावत, सरपंच अनिल त्रिवेदी, पूर्व सरपंच बाबूलालसैनी, शंकर यादव, जीवाराम गुर्जर, समदाराम गुर्जर, शंकर सैनी, घनश्याम स्वामी, प्रहलाद जुगराजपुरा, छाजू लाल सैनी, सीएम सैनी, धर्मपाल यादव, विक्रम सैनी, ओम प्रकाश जीजड, समाज सेवी सुभाष पोषवाल आदि मौजूद थे।



महाराज श्री के स्वागत में लोगों ने खुशी जाहिर की।

## दहेज में एक रुपया लेकर समाज के लिए मिसाल पेश की

**फुलेरा ।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में करीब सभी समाजों में विवाह का दौर चल रहा है। सभी समाज के लोग विवाह समारोह में अपने अपने स्तर कुछ अच्छा और अलग करने की सोचता है।

जिसमें मुख्य रूप से शादी विवाह के दौरान दहेज जैसी कूरीतियों को मिटाने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे है। इसके लिए हर कोई शुरुआत अपने स्वयं से ही करना चाहता है। ऐसा ही दृश्य कस्बे के निकट स्थित ग्राम इरोलाव निवासी हेमन्त पुत्र गोपाल लाल कुमावत के विवाह में देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शी राजेन्द्र कुमावत एवं नवरतन कुमावत ने बताया कि हेमन्त का विवाह नावां निवासी पूनम पुत्री मनमोहन कुमावत के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान शादी में दहेज की रस्म के रूप में मात्र एक रुपया और 1 नारियल लेकर बिना किसी दहेज के विवाह की रस्म पूरी की है। इसके चलते समाज के लिए एक मिसाल पेश की है।

हालांकि आस आस के क्षेत्र में ऐसे उदाहरण पहले भी देखने को मिल चुके हैं। परन्तु यह पहल इनकी तरफ से अपने स्तर पर ही शुरू की गई है। गौरतलब है कि हेमन्त कुमावत वर्तमान में पीडब्ल्यूडी विभाग में जेईएन के पद पर पदस्थापित है। विवाह समारोह के दौरान राज्यमंत्री विजयसिंह चौधरी एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित कुमावत समाज अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, सरपंच शान्ति देवी, सरपंच गोपाल लाल, राधेश्याम मारोठिया, अशोक कुमार, भेरूराम, हुक्मीचन्द, जितेन्द्र, हनुमान राम, चन्द्रमोहन, नवीन, राजेन्द्र कुमार, जिला परिषद सदस्य रामदयाल कुमावत, नगर निगम सहायक अभियन्ता राजेन्द्र कुमावत, कनिष्ठ अभियंता निखिल, पीडब्ल्यूडी जेईएन कुलदीप सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 04/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री महावीर प्रसाद यादव पुत्र श्री कानाराम यादव निवासी 20 आर्य नगर, मुरलीपुरा विद्याधर नगर, जयपुर-302023 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत कमला देवी शिक्षण संस्थान कार्यालय पता-81, आर्यनगर, मुरलीपुरा, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 04.04.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 350/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री राजकुमार राजोरिया पुत्र श्री गुलाब चन्द राजोरिया, डी-3, मोहन मार्ग, रामनगर विस्तार, न्यू सांगानेर रोड जयपुर-302019 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री संत परम सुख दास जी महाराज आश्रम ट्रस्ट कार्यालय ग्राम-जोतडावाला, शिकारपुरा रोड, सांगानेर जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 07.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.01.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर


# फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- 'उपखंड एवं उप तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को बानसूर उपखण्ड का दौरा कर ग्राम पंचायत बाबरिया में एग्री सटेक योजना के तहत आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जायें। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिये अधिकारियों को शिविर की व्यवस्थायें और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिये।

उन्होंने उपस्थित कार्मिकों से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी लेकर आगंतुक किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के तहत मिलने वाले 11 नंबर के यूनिक आईडी के लाभों की जानकारी सरल भाषा में देने को कहा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन तक फार्मर रजिस्ट्री शिविर के बारे में जानकारी पहुंचाने हेतु आवश्यक प्रचार माध्यमों का उपयोग करते हुये उन्हें जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभांवित किसानों से व्यक्तिगत या अन्य माध्यमों से सम्पर्क करते हुये फार्मर आईडी बनवाने का कार्य करें। शिविर में आये किसानों को कृषि व पशुपालन विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने को कहा, जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्रों तक पहुंच सके। किसानों को बताया फार्मर रजिस्ट्री का महत्व - जिला कलक्टर ने शिविर में आये किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना तथा योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने पर जोर दिया।



जिला कलक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा।